an>

Title: Need to renovate tools industry at Nagaur.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान नागौर लोकसभा क्षेत्र के बारे में सैंट्रल गवर्नमेंट की दुर्दशा की ओर दिलाना चाहता हूं। नागौर जिले में औजार बनाए जाते हैं। ट्रेडीशनली कई कास्ट और कम्युनिटीज हैं जो औजार बनाती हैं। छोटे औजार, स्क्रू ड्राइवर आदि बनाए जाते हैं। देश में 11 टूल रूम्स हैं। इस राज्य में नागौर जिले में एक ही टूल रूम बनाया गया लेकिन यह दो कारणों से दुर्दशा का शिकार हो रहा है। पहला कारण है कि यहां डायरेक्टर की पोस्ट कई सालों से खाली पड़ी है। डिप्टी डायरेक्टर को हटा दिया गया है। दूसरा कारण है कि यहां 1985 की यानी 30 साल पुरानी मशीनें हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इन्हें रेनोवेट किया जाए या दूसरी मशीनें लगाई जाएं। यह छोटे उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए जरूरी है।